# RAF SECTOR
## NEWS CLIP
## 19/07/19

TO SERVE HUMANITY WITH SENSITIVE POLICING

**Dainik Navjoyti (Delhi)**

# केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल की साइकल रैली का स्वागत

## बीस सदस्यीय दल का गर्मजोशी से किया अभिनन्दन, 27 को पहुंचेंगे दिल्ली के इंडिया गेट

### सीआरपीएफ के 81वें स्थापना दिवस पर आयोजन, सफाई, जल संवर्धन और शांति सद्भावना पर बल

नवज्योति/सुमेरपुर।

केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल द्वारा आयोजित साइकिल रैली जो गुरुवार को ब्रह्माकुमारी आश्रम आबूरोड से रवाना होकर दोपहर करीब साढ़े 12 बजे पोमावा रोड स्थित राजमाता विजयराजे सिंधिया टाउन हाल पंहुचे जहां उपखंड अधिकारी राजेन्द्रसिंह सिसोदिया, नगरपालिका अध्यक्ष फुसाराम सुथार ने साइकिल रैली प्रतिभागियों का माल्यार्पण कर स्वागत किया। यह साइकिल रैली कुल-13 दिनों में गुजरात, राजस्थान, हरियाणा व दिल्ली के विभिन्न गांवों से होते हुए कुल 982 किमी का सफर तय कर 27 जुलाई को इंडिया गेट नई दिल्ली में पहुंचेगी। रैली का नेतृत्व मनोज कुमार उप.कमांडेंट 100 वीं वाहिनी कर रहे



है। जानकारी के अनुसार यह रैली राष्ट्रपिता महात्मा गांधीजी की 150 वीं जयंती एवं सीआरपीएफ के 81वें स्थापना दिवस के उपलक्ष में आयोजित की जा रही है।

स्वच्छता और सद्भावना संदेश देना मुख्य उद्देश्य- केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल के पवन कुमार ने बताया की साइकिल रैली निकालने का मुख्य उद्देश्य स्वच्छता, जल संभरण, शांति एवं सामाजिक सद्भावना जैसे मुद्दों के प्रति लोगों को जागरूक करना है। जिससे आने वाले समय में यह देश निरंतर प्रगति के मार्ग पर अग्रसर रहे। नव भारतवर्ष की परिकल्पना को साकार किया जा सके।

### जवानों और ग्रामीणों ने 150 पौधे लगाए

इसी संदेश को जन-जन तक पहुंचाने तथा आने वाली पीढ़ी के लिए स्वच्छ, स्वस्थ व संसाधनों से युक्त देश के निर्माण में हर नागरिक की भागीदारी तय की जा सके। शाम को सीआरपीएफ के जवानों, अधिकारियों व रोटरी क्लब के सदस्यों ने सीणप तालाब में करीब डेढ़ सौ पौधों का रोपण कर पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा दिया।

### यह थे उपस्थित

इस दौरान तालाब में श्रमदान भी किया। इस मौके पर पुलिस उपाधीक्षक निशांत भारद्वाज, पालिका उपाध्यक्ष रमेश राठौड़, अधिशाषी अधिकारी योगेश आचार्य, अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी सदस्य डॉ. रंजू रामावत, रोटरी क्लब के नरपत मेहता, अरुण जैन, जोगेन्द्र मेहता, पारस जैन, गणेश सुथार, सीआई गौतम जैन सहित अन्य मौजूद रहे।

Rajasthan Patrika (Gujarat)

# साइकिल रैली का स्वागत



आबूरोड. केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल की ओर से अहमदाबाद से राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की 150वीं जयंती व सीआरपीएफ के 81वें स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में अहमदाबाद से निकाली साइकिल रैली बुधवार को तलहटी स्थित ब्रह्माकुमारी संस्थान पहुंची। शांतिवन परिसर में माउंट आबू आंतरिक सुरक्षा अकादमी, सीआरपीएफ माउंटआबू व ब्रह्माकुमारीज के तत्वावधान में स्वागत किया गया। समारोह में सीआरपीएफ 100 बटालियन के सीएमओ डॉ. राजेशकुमार गुप्ता ने कहा कि सेना के जवान अपनी नींद खराब कर दूसरों की रक्षा करते हैं। इसी उद्देश्य के साथ महात्मा गांधी की 150वीं जयंती पर सीआरपीएफ की ओर से जल संवर्धन, शांति एवं सामाजिक सौहार्द का संदेश लेकर 15 जुलाई को अहमदाबाद से रैली शुरू की गई थी। ये रैली 982 किलोमीटर की यात्रा कर 27 जुलाई को दिल्ली के इंडिया गेट पहुंचकर सम्पन्न होगी। रैली में पांच महिलाओं समेत बीस जवान शामिल हैं। मीडिया प्रभाग के अध्यक्ष बीके करुणा ने कहा कि देश के जवान हर मुसीबत में खड़े रहते हैं। आज जवान साइकिल यात्रा कर जन जागरूकता ला रहे है। आईएसए माउंट आबू के डिप्टी कमांडेट मनोजकुमार यादव ने कहा कि हमारा प्रयास है कि देश का प्रत्येक नागरिक सुखी रहे। समारोह में ओम शांति रिट्रीट सेंटर की निदेशिका बीके आशा ने जवानों का उत्साहवर्धन किया। बीके भरत ने विचार व्यक्त किए। कमांडेंट पवनकुमार, डिप्टी कमांडेंट मनोजकुमार यादव आदि अधिकारियों के मार्गदर्शन में रैली में शामिल जवान विभिन्न शहरों में रुककर महात्मा गांधी के संदेशों को प्रसारित कर रहे हैं।

## फूलों से स्वागत

रैली के शांतिवन परिसर पहुंचने पर संस्थान के सदस्यों, आरएएफ व सीआरपीएफ के अधिकारियों ने उनका स्वागत किया। सदस्यों ने पुष्पवर्षा कर रैली में शामिल जवानों का स्वागत किया। इस दौरान जवानों ने रैली से जुड़े अनुभव बयां किए। जवानों को ईश्वरीय साहित्य देकर सम्मानित किया गया। इस दौरान सोशल एक्टिविटी ग्रुप के बीके मोहन, बीके भानु, बीके रामसुख मिश्रा, अनूप सिंह, बीके अमरदीप, बीके सचिन, बीके कृष्णा, बीके चन्दा, बीके ईश्वर आदि लोग मौजूद थे।

## Jagruk Time (Abu Road,Raj.)

# सैनिक देश की सुरक्षा, लोगों की समृद्धि के लिए कटिबद्ध: डॉ. गुप्ता





जागरूक टाइम्स संवाददाता

आबूरोड। सीआरपीएफ 100 बटालियन के सीएमओ डॉ. राजेश कुमार ने कहा कि सेना के जवान किसी भी बटालियन का हो यह देश की सुरक्षा के साथ लोगों की समृद्धि व सुख शांति के लिए प्रयास करता है। अपनी नींद हराम कर दूसरों की रक्षा करता है। इसी कड़ी में महात्मा गांधी के 150 वी जयंती पर सीआरपीएफकी ओर जल संवर्धन व पर्यावरण रक्षा के लिए साईकिल रैली निकाली गई है। वे बुधवार को ब्रह्माकुमारीज संस्था के शांतिवन में रैली के पहुंचने पर आयोजित कार्यक्रम को सम्बोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा यह रैली 982 किमी की यात्रा कर दिल्ली पहुंचेगी। जहां इसका समापन होगा। देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने भी जल संरक्षण व पर्यावरण रक्षा की पहल की है। आईएमए माउंट आबू के डिप्टी कमांडेंट मनोज कुमार यादव ने कहा कि हमारा प्रयास है कि देश का प्रत्येक नागरिक सुखी रहे। समारोह में ओम शांति रिट्रिट सेन्टर की निर्देशिका बीके आशा ने जवानों का उत्साहवर्धन किया। सोशल एक्टिविटी ग्रुप के अध्यक्ष बीके भरत ने साइकिल रैली के यात्रियों का स्वागत किया। कार्यक्रम के दौरान यात्रा में शामिल सेना के जवानों ने कहा कि यह जनता की सेवा का बड़ा माध्यम है। इससे ही सकारात्मक ऊर्जा का संचार होगा। साइकिल रैली में शामिल यात्रियों को ईश्वरीय साहित्य देकर सम्मानित किया गया।

### पुष्प वर्षा कर किया गया स्वागत किया गया

महात्मा गांधी के 150 वी जयंती पर सेन्ट्रल रिजर्व फोर्स की ओर तरफ से जल एवं पर्यावरण संरक्षण के उद्देश्य को लेकर अहमदाबाद से दिल्ली तक साइकिल रैली का आयोजन किया गया। डिप्टी कमांडेंट मनोज यादव व सीएमओ डॉ. राजेश कुमार के नेतृत्व में निकली रैली का बुधवार को आबूरोड पहुंचने पर ब्रह्माकुमारी के शांतिवन में पुष्प वर्षा कर स्वागत किया गया। रैली में 100 वी बटालियन की बीस जवानों की रैली में सीआरपीएफव रैपिड एक्शन फोर्स के जवान समेत पांच महिलाएं शामिल है। 15 जुलाई को अहमदाबाद से शुरू हुई रैली 982 किमी की यात्रा तय करते हुए 27 जुलाई को दिल्ली में इसका समापन होगा। ब्रह्माकुमारी के शांतिवन पहुंचने पर आयोजित समारोह में सीआरपीफ के जीएस भण्डारी, मीडिया प्रभाग के अध्यक्ष बीके करुणा, सोशल एक्टिविटी ग्रुप के अध्यक्ष बीके भरत, ओआरसी की निर्देशिका बीके आशा, बीके मोहन, बीके भानू, बीके रामसुख मिश्रा, अनूप सिंह, बीके अमरदीप, बीके सचिन, बीके कृष्णा, बीके चन्दा व बीके ईश्वर समेत कई लोग उपस्थित थे।

## Rajasthan Patrika (Abu Road,Raj.)

सीआरपीएफ और आरपीएफ जवानों ने नौ सौ किमी. की निकाली रैली

# देशभक्ति के साथ सम्पन्नता के लिए प्रेरित करना जवानों का कार्य : डॉ राजेश गुप्ता





संवाददाता
रणवीर राजस्थान

आबूरोड। सीआरपीएफ 100 बटालियन के सीएमओ डॉ राजेश कुमार ने कहा कि सेना के जवान किसी भी बटालियन का हो वह देश की सुरक्षा के साथ लोगों की समृद्धि और सुख शांति के लिए प्रयास करता है। अपनी नींद हराम कर दूसरों की रक्षा करता है। इसी कड़ी में महात्मा गांधी के 150वीं जयन्ति पर सीआरपीएफकी ओर जल संवर्धन और पर्यावरण रक्षा के लिए साईकिल रैली निकाली गयी है। वे ब्रह्माकुमारीज संस्था के शांतिवन में रैली के पहुंचने पर आयोजित कार्यक्रम में बोल रहे थे।

उन्होंने कहा यह रैली ९ सौ किमी की यात्रा कर दिल्ली पहुंचेगी जहाँ इसका समापन होगा। देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी ने भी जल संरक्षण तथा पर्यावरण रक्षा की पहल की है। जिसमें हम सभी को सहयोग करना है।

कार्यक्रम में मीडिया प्रभाग के अध्यक्ष बीके करुणा ने कहा कि देश के जवान हर मुसीबत में खड़े रहते है। आज पूरे देश में पानी का संकट पैदा हो रहा है तब भी जन जागृति के लिए ९ सौ किमी की साईकिल यात्रा कर जन जागरूकता ला रहे है। इस अवसर पर आईएमए माउण्ट आबू के डिप्टी कमांडेंट मनोज कुमार यादव ने कहा कि हमारा प्रयास है कि देश का प्रत्येक नागरिक सुखी रहे। इसलिए सीआरपीएफ और आरपीएफ ने यह मिलकर बीड़ा उठाया है।

समारोह में ओम शांति रिट्रीट सेन्टर की निर्देशिका बीके आशा ने जवानों का उत्साह वर्धन करते हुए अपने मकसद में सफल होने की शुभकामनाएं दी। तथा प्रोत्साहित करते हुए कहा कि जवान ही नहीं प्रत्येक नागरिक को इसमें भागीदारी निभानी चाहिए। कार्यक्रम में सोशल एक्टिविटी ग्रुप के अध्यक्ष बीके भरत ने सभी यात्रियों का स्वागत किया तथा कार्यक्रम के लिए धन्यवाद ज्ञापित किया।

**फूलों से हुआ स्वागत**

साईकिल यात्रियों का शांतिवन पहुंचने पर ब्रह्माकुमारीज संस्थान की बहनों तथा भाईयों ने फूल और मालाओं से स्वागत किया। इसके साथ ही पुष्प वर्षा भी की गयी।

**हर एक ने सुनाया अनुभव**

कार्यक्रम के दौरान यात्रा में शामिल सेना के जवानों ने कहा कि यह जनता की सेवा का बड़ा माध्यम है। इससे ही सकारात्मक ऊर्जा का संचार होगा।

**ईश्वरी गिफ्ट देकर किया सम्मानित**

साईकिल रैली में शामिल यात्रियों को ईश्वरीय साहित्य देकर सम्मानित किया गया।

**ये रहे उपस्थित**

इस अवसर पर सोशल एक्टिविटी ग्रुप के बीके मोहन, बीके भानु, बीके रामसुख मिश्रा, अनूप सिंह, बीके अमरदीप, बीके सचिन, बीके कृष्णा, बीके चन्दा, बीके ईश्वर समेत कई लोग उपस्थित थे।

## Rajasthan Patrika (Summerpur,Raj.)

जल संवर्धन व पर्यावरण रक्षा के लिए निकाली जा रही यात्रा

# अहमदाबाद से रवाना हुए साइकिल सवार सीआरपीएफ जवानों का किया स्वागत

पत्रिका न्यूज़ नेटवर्क
patrika.com

सुमेरपुर (निसं). जल संवर्धन व पर्यावरण रक्षा के उद्देश्य को लेकर साइकिल यात्रा में निकले सीआरपीएफ जवानों का गुरुवार को सुमेरपुर पहुंचने पर शहरवासियों के साथ प्रशासन ने उत्साह के साथ स्वागत कर उनके हौसले की मुक्तकंठ से सराहना की।

यह यात्रा गुजरात के साबरमती आश्रम से 15 जुलाई को शुरू होकर आबूरोड होते हुए सुमेरपुर पहुंची। जहां 83 बटालियन द्रुत कार्यबल के एमएल मीणा सहायक कमाण्डेंट का स्वागत किया।

गुरुवार को यात्रा के सुमेरपुर पहुंचने पर राजमाता विजयाराजे सिंधिया टाउन हॉल परिसर में स्वागत कार्यक्रम रखा गया। नगरपालिका प्रशासन व स्थानीय प्रशासनिक अधिकारियों ने स्वागत किया। इस मौके पर टाउन हॉल के समीप रोटरी क्लब के नरपत मेहता के साथ जलस्रोत का जीर्णोद्धार कर पौधारोपण किया।

### साइकिल यात्रा दल में 15 पुरुष व 5 महिला जवान

साइकिल यात्रा में 15 पुरुषों व 5 महिलाओं समेत 20 जवान शामिल हैं। इस तरह सीआरपीएफ के कुल 72 जवान जल संवर्धन व पर्यावरण रक्षा को लेकर संदेश दे रहे हैं। 15 जुलाई को महात्मा गांधी के साबरमती आश्रम से गुजरात के मुख्यमंत्री विजय रुपाणी ने यात्रा को [illegible] अहमदाबाद से [illegible] की यात्रा पूरी करते हुए गुरुवार को दल सुमेरपुर पहुंचा। यह यात्रा कुल 982 किलोमीटर की दूरी तय कर दिल्ली स्थित इंडिया गेट पर पहुंचेगी।

### जल संवर्धन व पर्यावरण की रक्षा के लिए सहयोग जरूरी-गुप्ता

सुमेरपुर में आयोजित स्वागत कार्यक्रम में सीआरपीएफ की 100वीं बटालियन के सीएमओ डॉ. राजेशकुमार गुप्ता ने कहा कि सेना के जवान किसी भी बटालियन का हो वह देश की सुरक्षा के साथ लोगों की समृद्धि व सुख शांति के लिए भी प्रयास करता है। महात्मा गांधी की 150वीं जयंती पर सीआरपीएफ की ओर से जल संवर्धन व पर्यावरण रक्षा के लिए साईकिल रैली निकाली जा रही है। यह दिल्ली स्थित इंडिया गेट पहुंचकर विसर्जित होगी। देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने भी जल संरक्षण व पर्यावरण रक्षा की पहल की है। जिसमें हम सभी को सहयोग करना चाहिए।



सुमेरपुर-साईकिल रैली में शामिल जवानों के साथ अधिकारी व जनप्रतिनिधि।



सुमेरपुर. साईकिल रैली के रूप में सुमेरपुर पहुंचे सीआरपीएफ के जवान।

### जवानों का किया स्वागत, सुनाए अपने अनुभव

साईकिल सवार जवानों के सुमेरपुर पहुंचने पर फूल मालाओं के साथ स्वागत किया। उपखण्ड अधिकारी राजेन्द्रसिंह सिसोदिया, सीओ निशांत भारद्वाज, नगरपालिका इओ योगेश आचार्य, नगरपालिका अध्यक्ष फूलाराम सुथार, उपाध्यक्ष रमेश राखेचा, सीआई गौतम जैन, एआईसीसी सदस्य डॉ रंजू रामावत, नरेन्द्र पुरोहित समेत पालिका पार्षद व प्रबुद्धजनों ने स्वागत किया। कार्यक्रम के दौरान यात्रा में शामिल सीआरपीएफ के जवानों ने कहा कि यह जनता की सेवा का बड़ा माध्यम है। इससे ही सकारात्मक ऊर्जा का संचार होगा।

## Dainik Bhaskar (Summerpur,Raj.)

साइकिल रैली • गांधी नगर गुजरात से रवाना हुए सीआरपीएफ के जवान, साइकिल रैली में 5 महिलाएं व 72 जवान शामिल

# सीआरपीएफ के 20 सदस्यों की साइकिल रैली पहुंची सुमेरपुर 13 दिनों में 900 किलोमीटर की यात्रा कर दिल्ली पहुंचेगी

भास्कर न्यूज | सुमेरपुर

महात्मा गांधी की 150 वीं जयंती व केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल के 81वें स्थापना दिवस समारोह को लेकर गांधीनगर गुजरात से लेकर दिल्ली तक 20 सीआरपीएफ जवानो द्वारा साइकिल रैली निकाली जा रही है। जल संवर्धन व पर्यावरण संरक्षण का संदेश देने निकली साइकिल रैली गुरुवार को सुमेरपुर स्थित टाऊन हॉल पहुंची। यहां पर 83 सहायक कमाण्डेंट एम.एल. मीणा, उपखंड अधिकारी राजेन्द्रसिंह सिसोदिया, नगर पालिका अध्यक्ष फूलाराम सुथार ने दल सदस्यों का माल्यार्पण कर स्वागत किया। इस यात्रा में 15 पुरुष व 5 महिला साइकिल सवारों समेत कुल 72 जवान शामिल है। रैली का नेतृत्व कर रहे 100वीं वाहिनी के उप कमांडेंट मनोज कुमार ने बताया कि यह साइकिल रैली 13 दिनों में गुजरात, राजस्थान, हरियाणा तथा दिल्ली के विभिन्न गांव एवं शहरों से होते हुए कुल 982 किमी का सफर तय कर 27 जुलाई को इंडिया गेट नई दिल्ली पहुंच कर संपन्न होगी। उन्होंने बताया कि रैली का मुख्य उद्देश्य स्वच्छता, जल संरक्षण, शांति एवं सामाजिक सद्भावना जैसे मुद्दों के प्रति जागरूकता पैदा करना है। जिससे आने वाले समय में यह देश निरंतर प्रगति के मार्ग पर अग्रसर रहे। उन्होंने बताया कि राष्ट्रपिता महात्मा गांधी ने जिस नव भारतवर्ष की परिकल्पना की थी, उसको साकार किया जा सके। इसी संदेश को जन-जन तक पहुंचाने तथा आने वाली पीढ़ी के लिए स्वच्छ, स्वस्थ व संसाधनों से युक्त देश के निर्माण में हर नागरिक की भागीदारी सुनिश्चित की जा सके।

**पौधारोपण कर संरक्षण का लिया संकल्प** : इस अवसर पर रैली में आए अधिकारी द्वारा पौधरोपण किया व जल स्त्रोत का जीर्णोद्धार किया गया। इस दौरान पुलिस, जिला प्रशासन के अधिकारी, नगरपालिका, रोटरी क्लब के सदस्य आदि मौजूद थे।



सुमेरपुर | टाऊन हॉल में समारोह में साइकिल रैली सदस्यों का स्वागत किया गया।

**Dainik Jagran (Deoghar,JKD)**

# दिव्यांगों को सहारा देकर पुलिस व रैफ के जवानों ने कराया जलार्पण

संवाददाता ▷ देवघर

बाबामंदिर में जलार्पण करने आये दिव्यांगों का पूरा ख्याल रखा जा रहा है. रैफ कमांडेंट अनामी शरण की अगुवाई में इन कांवरियों को बाबा मंदिर में रैफ व पुलिस बल के जवान पूरी सहायता कर रहे हैं. इन दिव्यांगों को रैफ के जवान सहारा देकर जलार्पण कराने के पश्चात मंदिर के बाहर तक छोड़ते देखे गये.





बाबा मंदिर परिसर में जानकारी लेते डीसी राहुल कुमार सिन्हा.

## The Samaj (Odisha)

# ସାମ୍ପ୍ରଦାୟିକ ସଦଭାବନା ପାଇଁ ରାପିଡ୍ ଆକ୍ସନ ଫୋର୍ସର ଅନୁଧ୍ୟାନ




କେନ୍ଦୁଝର,୧୮ା୬(ନି.ପ୍ର): କେନ୍ଦୁଝର ଟାଉନ ଓ ସଦର ମହକୁମାରେ ସାମ୍ପ୍ରଦାୟିକ ସଦଭାବନା ବଜାୟରଖିବା ଏବଂ ଆଗକୁ ଯେପରି ଏହି ସଦଭାବନା ବଜାୟ ରହିବ ସେନେଇ କେନ୍ଦ୍ରୀୟ ସୁରକ୍ଷାବଳର ଏକ ବଟାଲିୟନ ରାପିଡ ଆକ୍ସନ ଫୋର୍ସ ପକ୍ଷରୁ ଅନୁଧ୍ୟାନ କରାଯାଉଛି । ଏହି କାର୍ଯ୍ୟକ୍ରମରେ କେନ୍ଦୁଝର ଟାଉନ ଥାନା ଅଧିକାରୀ ସୋମନାଥ ଜେନା ସଭାପତିତ୍ୱ କରିଥିବାବେଳେ ଓ ସଦର ଥାନା ଅଧିକାରୀ ସୁଚୀସ୍ମିତା ପ୍ରଧାନ ସଭାପତିତ୍ୱ କରିଥିଲେ । ଅନୁଷ୍ଠିତ ବୈଠକରେ ଆସିଷ୍ଟାଣ୍ଟ କମାଣ୍ଡାଣ୍ଟ ରାଜେନ୍ଦ୍ର କୁମାର, ଇନସପେକ୍ଟର ଏମ.କେ.ମୁଣ୍ଡା ଓ ସବଇନସପେକ୍ଟର ମୁରଲି ବିଶ୍ୱାସ ଆଲୋଚନା କରିଛନ୍ତି । ଏହି ବାଟାଲିୟନ ଗତ ୧୫ ତାରିଖରୁ ୨୧ ତାରିଖ ପର୍ଯ୍ୟନ୍ତ ବିଭିନ୍ନ ସ୍ଥାନରେ ଏହି କାର୍ଯ୍ୟକ୍ରମ ଚାଲୁରହିବ ବୋଲି ସୂଚନା ମିଳିଛି । ୧୦୬ ବାଟାଲିୟନ ରାପିଡ ଆକ୍ସନ ଫୋର୍ସ (ଆର.ଏ.ଏଫ) ଏ କମ୍ପାନୀ ପକ୍ଷରୁ ଏହା ଏକ ସାମାଜିକ କାର୍ଯ୍ୟକ୍ରମ ବୋଲି ଜଣାପଡିଛି ।

## The Prameya (Odisha)

# ରାପିଡ୍ ଆକ୍ସନ୍ ଫୋର୍ସର ଫ୍ଲାଗ୍‌ମାର୍ଚ୍ଚ

ରଘୁନାଥପୁର/ଜଇପୁର,୧୮ା୬(ଆପ): ରଘୁନାଥପୁର ବ୍ଲକରେ ବ୍ଲକ ଅଧ୍ୟକ୍ଷା ହୋଇଥିବା ଦୁର୍ବ୍ୟବହାର ଓ ଦୁଇ ରାଜନୈତିକ ଗୋଷ୍ଠୀ ମଧ୍ୟରେ ମୁହାଁମୁହିଁ ପରିସ୍ଥିତିକୁ ନେଇ ରଘୁନାଥପୁର ବ୍ଲକ କାର୍ଯ୍ୟାଳୟ ଅଶାନ୍ତ ହୋଇପଡିଛି । ଏହାକୁ ଆଖି ଆଗରେ ରଖି ଜିଲ୍ଲାପାଳଙ୍କ ନିର୍ଦ୍ଦେଶକ୍ରମେ ରାପିଡ ଆକ୍ସନ ଫୋର୍ସ ପକ୍ଷରୁ ରଘୁନାଥପୁର ଥାନା ପରିସର ନିକଟରୁ ବଜାର ଫ୍ଲାଗ୍‌ମାର୍ଚ୍ଚ କରି ରଘୁନାଥପୁର ବ୍ଲକରେ ପହଞ୍ଚି ଥିଲେ । ରଘୁନାଥପୁର ବ୍ଲକରେ ପହଞ୍ଚି ବିଡିଓ ପଞ୍ଚାନନ ପଟ୍ଟନାୟକଙ୍କୁ ଭେଟି ରାପିଡ୍ ଆକ୍ସନ ପକ୍ଷରୁ ଡେପୁଟି କମାଣ୍ଡର ପର୍ଶୁରାମ କୁଣ୍ଡା, ଦୁଇ ଇନସ୍ପେକ୍ଟର ତାପସ ଦାସ, ଏଲ୍ ବି ସିଂ ପରିସ୍ଥିତି ସମ୍ପର୍କରେ ଆଲୋଚନା କରିଥିଲେ । ସାଙ୍ଗରେ ଥାନା ଅଧିକାରୀ ବବିତା ଦଲାଇ ଉପସ୍ଥିତ ଥିଲେ । ସେଠାରୁ ରାପିଡ୍ ଆକ୍ସନ ଫୋର୍ସ ପକ୍ଷରୁ ଫ୍ଲାଗ୍ ମାର୍ଚ୍ଚ ବ୍ଲକ କାର୍ଯ୍ୟାଳୟରୁ ବାହାରି ବିଜୁ ପଟ୍ଟନାୟକ ଛକ, ରଘୁନାଥପୁର ବଜାର ଫ୍ଲାଗ୍‌ମାର୍ଚ୍ଚ କରିଥିଲେ । ସଶସ୍ତ୍ର ଯବାନ ବଜାରରେ ଏପରି ଫ୍ଲାଗ୍‌ମାର୍ଚ୍ଚ କରିବାକୁ ନେଇ ବିଭିନ୍ନ ଆଲୋଚନା ଜୋର୍ ଧରିଛି । ଏ ବିଷୟରେ ଥାନା ଅଧିକାରୀ ବବିତା ଦଲାଇଙ୍କୁ ପଚାରିବାରେ ସେ କହନ୍ତି ଜିଲ୍ଲାପାଳଙ୍କ ନିର୍ଦ୍ଦେଶକ୍ରମେ ଶାନ୍ତିର ବାତାବରଣ ଏବଂ ଅପରାଧ ବ୍ୟକ୍ତିଙ୍କ ମଧ୍ୟରେ ଭୟ ସୃଷ୍ଟି କରିବା ପାଇଁ ଏଭଳି ଫ୍ଲାଗ୍‌ମାର୍ଚ୍ଚ କରାଯାଉଛି । ତେବେ ସାଧାରଣ ଲୋକମାନେ କେବେ ଭୟଭୀତ ହେବାର ନାହିଁ ବୋଲି କହିଥିଲେ ।



Flag march with civil police at Keonjhar & Jagatsinghpur (Odisha) during Fam-Ex duty

**Sakshi (AP)**

# అవనిగడ్డలో 'ఆర్ఏఎఫ్' కవాతు

అవనిగడ్డ: ర్యాపిడ్ యాక్షన్ ఫోర్స్ (ఆర్ఏఎఫ్) సిబ్బంది బుధవారం అవనిగడ్డలో మార్చ్ ఫాస్ట్ నిర్వహించారు. 99వ బెటాలియన్ కమాండెంట్ వి.జె సుందరం ఆదేశాల మేరకు అసిస్టెంట్ కమాండెంట్ ముక్తినాథ్ పాండే ఆధ్వర్యంలో ఈ కవాతు నిర్వహించారు. స్థానిక సీతాయమ్మ హోటల్ నుంచి వంతెన సెంటర్ వరకూ ఈ కవాతు జరిపారు. ఈ సందర్భంగా పాండే మాట్లాడుతూ ర్యాపిడ్ యాక్షన్ ఫోర్స్ జిల్లాలోకి అందుబాటులోకి వచ్చిన సందర్భంగా ప్రజలకు తెలియజేసేందుకు పలు ప్రాంతాల్లో కవాతు నిర్వహిస్తున్నట్టు చెప్పారు. ఆయా ప్రాంతాల్లో మార్చ్ ఫాస్ట్ నిర్వహించి అక్కడి పరిస్థితులను తెలుసుకుంటున్నట్టు తెలిపారు. ఆర్ఏఎఫ్ ఇన్‌స్పెక్టర్ ఓం ప్రకాష్, స్థానిక ఎస్ఐ-2 సురేష్ కార్యక్రమాన్ని పర్యవేక్షించారు. కార్యక్రమంలో 70 మంది ఆర్ఏఎఫ్ సిబ్బందితో పాటు స్థానిక పోలీసులు, తదితరులు పాల్గొన్నారు.



**కవాతు నిర్వహిస్తున్న ర్యాపిడ్ యాక్షన్ ఫోర్స్**

Scanned with CamScanner

Flag march with civil police at Krishna distt.,avanigatta ghav (AP) during Fam-Ex duty

## Photos of Deployment/ Fam-Ex Of RAF










**सी0आर0पी0एफ0 सदा अजेय, भारत माता की जय।**